स्पाइसेस बोर्ड

(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)

ई एल -184,टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया

एम आई डी सी, महापे, नवी मुंबई -400 710

टेली नं. 022-27630035,27630036,27630037,27630038

इ-मेइल: sbromumbai@gmail.com

सं.एस बी /आर ओ/ एम यू एम/डीआईएस/असेट्स/2017 9 फ़रवरी 2018

निविदा सूचना

हमारे कार्यालय परिसर में रखी गई रद्दी चीज़ों को ' जैसे है और जहां है' स्थिति में खरीदने की रुचि रखनेवालों से, संलग्न अनुलग्नक-I में विनिर्दिष्ट निबंधनों व शर्तों के अनुसार, मोहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रस्तुत करने का स्थान	स्पाइसेस बोर्ड, ई एल -184, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, एम आई डी सी, महापे, नवी मुंबई-400 710
निविदा की अंतिम तिथि और समय	28/02/2018 , सायं 5.00 बजे
निविदाएँ खोलने की तिथि और समय	06/03/2018 , सुबह 11.00 बजे
कोट किए जाने वाला मूल्य	प्रत्येक मद के सामने मूल्य कोट किया जाना चाहिए
नियत मूल्य	नियत मूल्य प्रत्येक मद के सामने दिया गया है
संपर्क व्यक्ति	श्री एस.सुरेष, सहायक निदेशक टेली नं. 022-27630035/37/38
चीजें देखने का समय	रुचि रखनेवाले, निपटान केलिए रखी गई चीजें देखने केलिए कार्यालय-समय के दौरान ऑफिस आ सकते हैं
निविदा फॉर्म	कोई विनिर्दिष्ट फॉर्म नहीं है। अँग्रेजी में साफ टाइप की हुई निविदा प्रस्तुत करें

ह. /-

प्रभारी अधिकारी

अनुलग्नक-I

निबंधन व शर्तें

1. अँग्रेजी में साफ टाइप की हुई, सभी पन्नों पर विधिवत् हस्ताक्षरित निविदा " *रद्दी चीजों की खरीद केलिए निविदा* " उपरिलिखित मोहरबंद लिफाफे में ' प्रभारी अधिकारी, प्रादेशिक कार्यालय, स्पाइसेस बोर्ड, ई एल -184, एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, महापे, नवी मुंबई - 400 710 ' को प्रस्तुत की जानी चाहिए।
2. निविदा स्वीकार करने की अंतिम तारीख व समय : **28/02/2018 को सायं 5.00 बजे।**
3. अपूर्ण रूप से प्राप्त या कम नियत मूल्य रखी गई निविदाएँ निरस्त की जाएंगी।
4. बोलीदाताओं द्वारा हस्ताक्षर नहीं की गई और अन्य किसी कारणवश त्रुटिपूर्ण पाई जाने वाली निविदाएँ निरस्त होने केलिए बाध्य रहेंगी।
5. निविदा में कोट किए गए प्रस्ताव निविदा खोलने की तिथि से लेकर 30 दिनों तक विधिमान्य रहेंगे।
6. विवाद की स्थिति में, अध्यक्ष, स्पाइसेस बोर्ड, कोचीन का निर्णय अंतिम रहेगा और सभी बोलीदाता उसके वचनबद्ध रहेंगे।
7. यहाँ सूचीकृत सभी शर्तें बोलीदाताओं पर वचनबद्ध हैं और इसके संकेत के रूप में, बोलीदाता को निविदा के सभी पन्नों पर हस्ताक्षर करना है।
8. सभी लागू कर आदि , क्रेता द्वारा चुकाए जाएंगे।
9. सफल क्रेता निविदा की पुष्टि की तिथि से लेकर दो दिनों के अंतर्गत लागू कर सहित पूरी राशि का भुगतान करेगा।
10. सभी प्रकार का भुगतान ' सचिव , स्पाइसेस बोर्ड ' के नाम पर लिए गए, एरणाकुलम में देय आदाता खाता डिमांड ड्राफ्ट के रूप में किया जाना है।
11. भावी क्रेता द्वारा पूरी राशि के भुगतान के तुरंत बाद ,मद पर उसका अधिकार हो जाएगा और किसी भी क्षति, चोरी, आग या किसी अप्रत्याशित दुर्घटनाओं से उसे सुरक्षित रखने का कार्य/दायित्व उसका रहेगा और इस संबंध में कोई भी दावा, चाहे जो भी हो, बोर्ड को स्वीकार्य नहीं होगा।
12. क्रेता, पुष्टि / पूरा भुगतान किए जाने की तिथि से लेकर 5 दिनों के भीतर मद को निकाल देगा।
13. यदि कोई सफल बोलीदाता नियत तारीख को जमा-राशि जमा करने से चूक जाता है तो, स्पाइसेस बोर्ड वह निविदा रद्द कर सकता है और उसपर कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा।
14. निविदाकार दर कोट करने से पूर्व गुणवत्ता और विनिर्देशों की सदृशता के संबंध में अपने को संतुष्ट करेगा।
15. प्रभारी अधिकारी से संपर्क करने के बाद कार्यालय-समय के दौरान मदों का निरीक्षण किया जा सकता है। वे ऐसे सभी जोखिमों, आकस्मिकताओं व अन्य परिस्थितियों , जो अपनी निविदा पर अनुकूल / प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं, के बारे में जानकारी अपने आप लेंगे। चाहे वह इसका निरीक्षण करता है या नहीं, निविदाकार को स्थान और स्थान की स्थितियों की पूरी जानकारी रखने वाला समझा जाएगा, और किसी भी गलतफहमी या अन्य कारणों से होने वाला कोई भी अतिरिक्त शुल्क अनुमत नहीं रहेगा।
16. मद को हटाने / उसकी लदान की सभी मेहनतों, औज़ारों और उपकरणों की व्यवस्था क्रेता अपने ही खर्च पर करेगा। मदों को निकालने केलिए नियोजित कार्मिक वर्तमान सुरक्षा नियमों का सख्त अनुसरण करेगा और क्रेताओं के कार्मिकों द्वारा किन्हीं भी नियमों के उल्लंघन केलिए, चाहे जो भी हो, स्पाइसेस बोर्ड किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं रहेगा। यह

कार्य अहाते के भीतर परिसर / सड़क / निकास आदि को क्षति पहुंचाए बिना किया जाएगा। ऐसी किसी घटना में, क्रेता क्षति , नुकसान आदि की पूर्ति करेगा।

17. क्रेता निविदा के साथ, नीचे दिए अनुसार स्वयं विधिवत् हस्ताक्षरित एक घोषणा भी देगा।
18. स्पाइसेस बोर्ड, किसी या सभी प्रस्तावों को कोई भी कारण, चाहे जो कुछ भी हो, बताए बिना निरस्त करने का अधिकार रखता है।

घोषणा

मैं / हम उपरोक्त निबंधनों व शर्तों से पूर्णत: अवगत हूँ / हैं और प्रत्येक मद के सामने दी गई राशि में अनुलग्नक I में उल्लिखित पुरानी / अप्रयुक्त / रद्दी चीजों को खरीदने केलिए सहमत हूँ / हैं। स्पाइसेस बोर्ड का निर्णय अंतिम रहेगा और मुझ पर बाध्यकारी होगा।

तिथि :

स्थान : हस्ताक्षर

नाम और पूरा पता: